FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 1 विषय : हिन्दी

PAPER CODE : 1013 पूर्णांक : 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड – 'अ' **(अंक 05)**

LO – L-107 - पढ़ी कहानी, कविताओं आदि में लिपि चिह्नों/शब्दों/वाक्यों आदि को देखकर और उनकी ध्वनियों को सुनकर, समझ कर उनकी पहचान करते हैं।

गतिविधि 1. चित्र श्रुति लेख

शिक्षक की बातें सुनकर चित्र बनाइये –

शिक्षक कक्षा को दो या तीन वाक्यों में विवरण सुनाकर चित्र बनाने के लिए कहते है।

जैसे – यह मोनू का घर है। उसके दाहिनें तरफ एक बड़ा पेड़ है।

गतिविधि 2. नाम बताओ

शिक्षक कक्षा में बच्चों को चित्रों का एक डिब्बा देते है। उनमें से प्रत्येक बच्चे को तीन चित्र छाटने को कहते है और पूछते है कि क्या उस चित्र के नाम में 'क', 'म', 'द', 'ल' अक्षर आते है?

जैसे – बादल – इसमें 'द' और 'ल' दोनों अक्षर आ रहे है। महल इसमें 'म' और 'ल' दोनों अक्षर आ रहे है।

गतिविधि 3. अक्षर ताश का खेल

ताश के पत्तों पर वर्णमाला एवं अन्य शब्द लिखे जाते हैं। ताश के पत्ते पर जो अक्षर डाला जाता है उस अक्षर से प्रारंभ होने वाले शब्द बच्चों को अपने ताशों में से चुनकर डालना होगा। सही शब्द डालने वाले आखरी छात्र को सभी कार्ड जमा करने होंगे। उसके बाद सभी कार्ड के शब्द कक्षा को पढ़कर सुनाना होगा।

खण्ड 'ब' **(अंक 05)**

LO – L-108 - संदर्भ की मदद से आस-पास मौजूद प्रिंट के अर्थ और उद्देश्य का अनुमान लगाते हैं, जैसे –टॉफी के कवर पर लिखे नाम को ' टॉफी', 'लॉलीपॉप' या 'चॉकलेट' बताना।

गतिविधि 4. चित्रों का वर्गीकरण

एक डिब्बे में फल सब्जियाँ एवं फूलों के चित्र मिलाकर रखें जायेंगे।

छात्र डिब्बे में रखे चित्रों को देखकर उन्हें सही समूह के खंड में रखें, इस प्रकार डिब्बे के सभी चित्रों को वर्गीकृत करें और उनका नाम बताएँ।

गतिविधि 5. समान शब्द

डिब्बे में रखे चित्रों से एक चित्र छॉटे, फिर उससे मिलते ध्वनियों वाले शब्द बताइए। जैसे – आलू, बालू, कालू, भालू, लालू, चालू आदि।

गतिविधि 6. ये मुझे पसंद हैं

अखबार से ऐसे चित्र काटकर चिपकाएँ जिसमें पगड़ी दिखाई देती हो, लिखिए कि पगड़ी किस रंग की है और कौन पहना हैं ?